09/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के हवाले से विश्व जनजातीय दिवस पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के जनजातीय भाषा, पंरपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आईए सुनिश्चित करे कि हमारी जीवंत जनजातीय विरासत आगे बढ़ती रहे और जैसे जैसे हम आधुनिकता को अपना रहे है हम अगले पीढियों को मार्गदर्शन भी देते रहे। विश्व जनजातीय दिवस को विश्व के मूलनिवासियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रुप में नौ अगस्त को हर साल मनाया जाता है ताकि विश्व के जनजातीय आबादी के अधिकारियों को संरक्षित किया जा सके और जागरुकता फैलाया जा सके।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ट्रीम्स नहारलगुन में नई पेयजल आपूर्ति परियोजना का उद्‌घाटन किया। अपने सोशल मिडिया पोस्ट के जरिए श्री खांडू ने कहा कि राजधानी क्षेत्र में भविष्योंन्मुखी परियोजना बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को बढ़ाने का हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ईटानगर स्मार्ट सिटी मिशन, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और ट्रीम्स को इस मूल्यवान परियोजना को वास्तविकता में लाने के लिए बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि मिदपू में राज्य केंसर संस्थान स्थापना और ट्रीम्स में सुपर स्पेसिलिटी कंप्लेक्स बनाने की भी योजना है।

000000000000000000000

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। पिछले महीने की बाईस तारीख को शुरू हुआ संसद का बजट सत्र सोमवार को समाप्त होने वाला था। स्पीकर ओम बिरला ने कल बताया कि इस सत्र में पंद्रह बैठकें हुईं जो एक सौ पंद्रह घंटे तक चलीं। स्पीकर ने आगे बताया कि सत्र के दौरान लोकसभा में एक सौ छत्तीस प्रतिशत उत्पादकता देखी गई।

000000000000000000

हर घर तिरंगा अभियान कल से शुरू हुआ है और अगले पंद्रह अगस्त तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपील की है कि इस साल के #हरघरतिरंगा को एक यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए अपनी प्रोफाइल पिक्चर को तिरंगे में बदल दें। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में दो हजार बाईस में शुरू किए गए इस अभियान में पिछले साल तिरंगे के साथ दस करोड़ से अधिक सेल्फी अपलोड की गईं। इस साल इस पहल में देश भर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

00000000000000000

केंद्र सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति गठित की है। यह समिति बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संचार चैनल बनाए रखेगी।

इस समिति की अध्यक्षता सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान के एडीजी करेंगे और इसमें बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय दक्षिण बंगाल के आईजी, बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय त्रिपुरा के आईजी, लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एलपीएआई) से योजना और विकास के सदस्य और एलपीएआई के सचिव इसके सदस्य होंगे।

0000000000000000000

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सबसे हल्के फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल से युक्त बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित की है। कल लोकसभा में एक लिखित उत्तर में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह मध्यम आकार के लिए लेवल छह का सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट है जिसका वजन लगभग दस किलोग्राम से अधिक है, जो ऑपरेशन के दौरान पहनने में आरामदायक है। उन्होंने कहा कि इस जैकेट में क्विक रिलीज़ मैकेनिज्म के साथ-साथ अन्य संबंधित विशेषताएं भी हैं।

0000000000000000000000

संसद ने वित्त (संख्या 2) विधेयक, दो हजार चौबीस, विनियोग (संख्या 2) विधेयक, दो हजार चौबीस और जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्या 3) विधेयक, दो हजार चौबीस को सफलतापूर्वक पारित कर दिया है, और राज्यसभा ने इन विधेयकों को व्यापक चर्चा के बाद लोकसभा को वापस भेज दिया है। लोकसभा ने पहले ही इन विधेयकों को मंजूरी दे दी थी, जिससे वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस - पच्चीस के लिए बजटीय प्रक्रिया पूरी हो गई थी।

राज्यसभा में इन विधेयकों पर चर्चा के जवाब में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पूंजीगत व्यय बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो बढ़कर 15.02 लाख करोड़ हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अड्डारह प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

00000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल ऑकलैंड में एक सामुदायिक स्वागत समारोह में भारतीय प्रवासियों और भारत के मित्रों को संबोधित किया। इस स्वागत समारोह में भारत सरकार के राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन, लोकसभा सांसद जुगल किशोर शर्मा, सौमित्र खान, उच्चायुक्त नीता भूषण और भारतीय प्रवासियों की एक बड़ी भीड़ शामिल हुई। भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया में एक जीवंत लोकतंत्र का उदाहरण बन गया है और बहुत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि न्यूजीलैंड के पास भारत के विकास में योगदान देने के लिए विशेषज्ञता और अनुभव है, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में।

000000000000000000000

दो हजार चौबीस के पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने लगातार दूसरे खेलों में कांस्य पदक हासिल करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जो बावन वर्षों में हासिल नहीं हुई थी।

इस बीच, भारत के ट्रैक और फील्ड स्टार नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में नवासी दशमलव चार पांच मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक हासिल करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे नीरज स्वतंत्रता के बाद दो ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए हैं।

0000000000000000000